>

Title: Need to ensure construction of roads as per specified norms under Rashtriya Sam Vikas Yojana in Banka Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री गिरिधारी यादव (बांका) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत राÂष्ट्रीय सम विकास योजना के तहत सुल्तानगंज अमरपुर बांका कटोरिया पथ, सुल्तानगंज देवघर पथ एवं भागलपुर हसडिया पथ का जो निर्माण हो रहा है, उसमें सही किस्म के समान का उपयोग हो नहीं रहा है और इनका आंकलन बहुत ऊंची दर पर हो रहा है। इससे यह सड़क निर्माण कार्य जो हो रहा है, वह बहुत निम्न किस्म का होगा और सड़कें छः सात महीने में खराब हो जायेंगी और सरकार का जो खर्चा हो रहा है, वह व्यर्थ में जाएगा। इसकी जांच अति आवश्यक है और सख्त कार्यवाही भी की जाये, जिससे जनता के पैसे का सदुपयोग हो सके और नियमानुसार कार्य करने वाले को प्रोत्साहन मिल सके।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इस प्रकरण की जांच तत्काल की जाये और दोÂषियों को सख्त सजा दी जाये।